# राष्ट्रसेवी अशोक सिंहल की सेवाएं सदैव याद रखी जाएंगी : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रसेवी, विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष नेता और सामाजिक समरसता तथा एकात्मकता की भावना को सशक्त बनाने वाले स्व. अशोक सिंहल की सेवाएं सदैव याद रखी जाएंगी।

मध्य प्रदेश सरकार विश्व हिंदू परिषद को स्व. सिंहल के जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन और सामाजिक समरसता कार्यक्रम के लिए समुचित सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री नए रविंद्र भवन सभाकक्ष में स्व. अशोक सिंहल के जन्म शताब्दी समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. सिंहल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रसेवा और सुशासन के लिए आशीर्वाद दिया था। जब राष्ट्र विभिन्न सामाजिक विसंगतियों से जूझ रहा था और समरस वातावरण की आवश्यकता थी, तब स्व. सिंहल ने एकात्मकता के भाव को सशक्त बनाने के प्रयास किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रनीति और जातिगत सद्भाव को बढ़ाने में नागरिकों ने भी सहयोग दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में 'एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान' की अवधारणा को जमीन पर उतारते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल की गई है। इसमें सभी समुदायों का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी गोशालाओं की स्थापना की गई है और शहरों में कांजी हाउस को देखभाल केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। वृद्ध गोवंश के लिए आहार की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में प्रतिवर्ष उन्नत नस्ल की देसी बछिया वितरित करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में संतों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और नागरिकों की उपस्थिति रही।

# पोल से करंट लगने पर भाजयुमो जिला महामंत्री तिवारी की मौत

## पत्नी भी करंट की चपेट में आईं, सड़क पार करते हुआ हादसा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के एमपी नगर इलाके में रविवार रात सड़क किनारे बिजली के पोल से करंट लगने से भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दिव्यऋषि तिवारी की मौत हो गई। हादसा रात करीब नौ बजे हुआ। घटना के दौरान उनकी पत्नी भी करंट की चपेट में आ गईं।



प्रत्यक्षदर्शी यातायात पुलिसकर्मी के अनुसार, दिव्यऋषि परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए मॉल पहुंचे थे। सड़क पार करने के लिए वह डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी तरफ जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सहारे के लिए सड़क किनारे लगे पोल को एक हाथ से पकड़ लिया और दूसरे हाथ से दीवार पकड़ने की कोशिश की। पोल में करंट प्रवाहित होने के कारण वह उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों ने तत्काल बचाव का प्रयास किया। उन्हें सीपीआर दिया गया और उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद दिव्यऋषि को मृत घोषित कर दिया।

पुलिसकर्मी के मुताबिक, यह पोल मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान लगाया गया था। पोल के पास तार खुले होने की बात भी सामने आई है। हादसे के दौरान दिव्यऋषि की पत्नी भी करंट की चपेट में आ गईं। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें संभाला। घटना की सूचना मिलने के बाद एमपी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोल में करंट कैसे पहुंचा और खुले तार की स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है, इसकी जांच की जा रही है। हादसे के बाद सड़क किनारे लगे पोल और निर्माण कार्य से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं।

# संभावना गतिविधि में बुंदेलखंड के कलाकारों ने प्रस्तुत किया राई नृत्य

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रविवार को श्री संतोष पांडेय एवं साथियों, सागर द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



बुंदेलखंड अंचल की जातीय परंपरा मूलतः शौर्य और श्रृंगार परक है। बुंदेलखंड के प्रख्यात लोकनृत्य राई में तीव्र शारीरिक चपलता, वेग, अंग, मुद्राएं और समूहन के लयात्मक विन्यास के साथ नृत्य के लास्य का समावेश होता है। लोक कविता के रूप में श्रृंगार परक अर्थों की नियोजना भी इसकी विशेषता है। इसमें ऊर्जा, शक्ति और लालित्य का समावेश दिखाई देता है। राई नृत्य को बुंदेलखंड में केवल मंचीय नृत्य तक सीमित नहीं किया गया है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे के जन्म और विवाह के अवसर पर राई नृत्य का आयोजन प्रतिष्ठा मूलक माना जाता है। किसी अभीप्सित कार्य की पूर्ति या मनौती होने पर भी राई के आयोजन किए जाते हैं। राई जीवन की एक जीवंत कलात्मक हिस्सेदारी की तरह है, जिसमें आनंद की स्वच्छंद अभिव्यक्ति मनुष्य की जीवनी शक्ति के रूप में प्रकट होती है। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में हर रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की विविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने और समझने का अवसर भी जनसामान्य को मिलेगा।

## लेबर इंस्पेक्टर परीक्षा देने आए युवक की होटल में मौत

**भोपाल।** लेबर इंस्पेक्टर की परीक्षा देने भोपाल आए 27 वर्षीय पवन बामनिया की बैरागढ़ स्थित डेल्टा होटल में मौत हो गई। पवन उज्जैन के शिप्रा विहार कॉलोनी का रहने वाला था और 25 सितंबर को परीक्षा देने भोपाल आया था। 26 सितंबर को लेबर इंस्पेक्टर की परीक्षा आयोजित हुई थी। हालांकि, पवन परीक्षा में शामिल हुआ था या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके कमरे से एडमिट कार्ड और परीक्षा का पर्चा नहीं मिला है। होटल कर्मचारियों के अनुसार, शनिवार देर रात तक पवन कमरे से बाहर नहीं आया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर संदेह हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में कमरा खोला गया तो पवन मृत मिला। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट, मोबाइल फोन और अन्य सामान मिला। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पवन के भाई टीएस बामनिया ने बताया कि वह लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था और कई प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो चुका था। लगातार सफलता नहीं मिलने से वह परेशान था। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में पवन ने असफलताओं, हताशा और चिंता का जिक्र किया है। उसने माता-पिता और बहनों से माफी मांगी तथा जिम्मेदारियां पूरी नहीं कर पाने की बात लिखी।

# पेंशनरों की मांगों को लेकर आक्रोश, नवरात्रि के बाद मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला शाखा भोपाल की बैठक शिवाजी नगर में प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सैकड़ों पेंशनरों ने भाग लेकर लंबित मांगों पर चर्चा की। पेंशनरों ने कहा कि मांगों के निराकरण में शासन की लगातार उपेक्षा के कारण उनमें असंतोष और आक्रोश है।

जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि बैठक में वेतन आयोग के 59 माह के एरियर्स का भुगतान, पेंशनरों एवं उनके परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने तथा जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग उठाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर नवरात्रि के बाद मंत्रालय के समक्ष व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनरों ने आंदोलन में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

## आईएसबीटी में निगम और एम्स कर्मचारियों ने किया श्रमदान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शहर में बेहतर साफ-सफाई के लिए नगर पालिक निगम, भोपाल द्वारा निरंतर स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निगम के साथ अन्य संस्थान भी शामिल हो रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को निगम के अमले ने एम्स संस्थान के अमले के साथ आईएसबीटी में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया। इस दौरान परिसर में साफ-सफाई की गई और नागरिकों से स्वच्छता संवाद कर जागरूकता बढ़ाई गई।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं।

# मिठी स्कूल के विद्यार्थियों ने भोपाल विज्ञान मेले का किया भ्रमण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 13वें भोपाल विज्ञान मेले 'दर्शन' का शैक्षिक भ्रमण एवं अवलोकन किया। विज्ञान मेला बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान-विज्ञान भवन एवं हैलीपैड मैदान में आयोजित किया गया।

मेले में विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नवीन प्रयोगों, नवाचारों और वैज्ञानिक उपलब्धियों से परिचित कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान की क्षमता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों, तकनीकी नवाचारों एवं ज्ञान-विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनों का उत्सुकतापूर्वक अवलोकन किया।

संस्थान सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक मेले छात्रों की विज्ञान विषय से संबंधित जिज्ञासाओं को प्रबल करते हैं तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के सशक्त माध्यम बनते हैं। विद्यालय की प्राचार्या रेखा केवलानी एवं उप प्राचार्या दिव्या कृपलानी ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर विज्ञान को अनुभव करने और उसके व्यावहारिक पक्ष को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही नवाचार की आधारशिला है।



## बारिश से नदियां-डैम उफनाए बरगी के 17 गेट खुले

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मध्य प्रदेश से मानसून की विदाई से पहले बारिश का दौर जारी है। जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में 72 घंटे से तेज बारिश हो रही है।

जबलपुर में बरगी बांध पूरी तरह भर चुका है। रविवार को चार और गेट खोले गए, जिससे अब 17 गेटों से नर्मदा में पानी छोड़ा जा रहा है। जोहिला और बिलगांव बांध के गेट भी खोले गए हैं।

डैम प्रबंधन के मुताबिक रविवार सुबह बरगी का जलस्तर 423.06 मीटर दर्ज हुआ, जबकि निर्धारित क्षमता 422.76 मीटर है। पानी की आवक जारी रही तो 21 गेट तक खोले जा सकते हैं। डिंडौरी और उमरिया में भी तीन दिन से मूसलाधार बारिश हो रही है। जोगी टिकरिया पुल डूबने से जबलपुर-अमरकंटक हाईवे-45 पर यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने रविवार को मुरैना, भिंड, निवाड़ी, सतना और रीवा में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अब तक औसतन 35.6 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य कोटे की 95 प्रतिशत से अधिक है। 25 जिलों में सामान्य बारिश पूरी हो चुकी है, जबकि 30 जिले अब भी सामान्य से कम हैं। डिंडौरी के जोगी टिकरिया पुल के डूबने से जबलपुर-अमरकंटक राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर यातायात प्रभावित हुआ। उमरिया के संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला बांध के चार गेट दो-दो मीटर खोलकर पानी छोड़ा गया। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार गहरे अवदाब के कारण पूर्वी हिस्से में भारी बारिश का दौर बना रहा। इसका असर अगले 24 घंटे रहेगा। मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून का समय 1 जून से 30 सितंबर तक है। मानसून की विदाई में चार दिन शेष हैं।

# सिंधी गरबा महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

## 15 अक्टूबर से सुंदरवन गार्डन में सजेगी रास-गरबा की महफिल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाला भव्य 'सिंधी गरबा महोत्सव' इस वर्ष अपने 20वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

चार दिवसीय यह गरबा महोत्सव 15 से 18 अक्टूबर तक लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में रोजाना शाम 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को गुरुनानक टेकरी स्थित कबीर कुटिया में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने आगामी गरबा महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी किया। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि यह मध्य प्रदेश का पहला और सबसे बड़ा सामाजिक गरबा आयोजन है, जिसमें पूरा सिंधी समाज एकजुट होकर भाग लेता है। बैठक में गरबा स्थल की भव्य सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, फूड स्टॉल्स, वैले पार्किंग और सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**14 अक्टूबर तक जारी रहेगा 7**

**केंद्रों पर प्रशिक्षण :** बैठक में भोपाल शहर में संचालित सभी 07 गरबा प्रशिक्षण केंद्रों के व्यवस्थापकों ने भाग लिया और अपने-अपने केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट साझा की। उल्लेखनीय है कि 13 सितंबर से शुरू हुआ यह निःशुल्क गरबा प्रशिक्षण 14 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में मुख्य रूप से सिंधी मेला समिति के संरक्षक के.एल. दलवानी, घनश्याम पंजवानी, अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा, कार्यक्रम संयोजक राम आसुदानी, सह संयोजक लोकेश वाधवानी एवं सह संयोजिका रेखा कमल उपस्थित रहे। इसके अलावा सुनील मंगवानी, किरण वाधवानी, वासु गोलानी, कपिल भाटिया, मनोहर लालवानी, माया पंजवानी, शकुन देवराख्यानी, चेतना वाधवानी, भावना जगवानी, सिया असुदानी और पूजा भाटिया सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भोपाल मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी होने पर व्यापारियों ने जताया आभार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मास्टर प्लान (विकास योजना-2047) का ड्राफ्ट जारी होने पर भोपाल एवं संत नगर के व्यापारी संघों तथा व्यावसायिक संगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है।

भोपाल भाजपा जिलाध्यक्ष रवींद्र यति के नेतृत्व एवं बीसीसीआई अध्यक्ष गोविंद गोयल की उपस्थिति में व्यापारी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संत हिरदाराम नगर एवं भोपाल के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि कन्हैया लाल ईसरानी, वासुदेव वाधवाणी, नरेंद्र लालवानी, प्रवीण प्रेमचंदानी, दिनेश वाधवाणी सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। व्यापारियों ने कहा कि नवीन मास्टर प्लान से शहर के व्यापारिक परिदृश्य को नई दिशा मिलेगी और बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा।